जबसे हुई है तेरी मेहरबानी भजन लिरिक्स

जबसे हुई है,
तेरी मेहरबानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया,
बदली ज़िंदगानी।bd।

तेरी कृपा के साये में रहकर,
रहती ना मुझको कोई फिकर है,
खाटू वाले तुमने हमेशा,
रखी है मुझपे अपनी नज़र है,
खो गए दु:ख अब,
बीती कहानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया,
बदली ज़िंदगानी।bd।

ना जाने किस बात पे खुश हो,
तुमने मुझको है अपनाया,
अपनी दया के फूल से तुमने,
जीवन बगिया को महकाया,
शुकर करूँ तेरा,
शीश के दानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया,
बदली ज़िंदगानी।bd।

प्यार मिला दरबार मिला तेरा,
अपनी किस्मत पे इतराऊं,
इतनी खुशियां पाई है तुमसे,
हर पल मैं तो मौज मनाऊं,
आये ना 'कुंदन',
आँख में पानी,
तुमने बदल दी ये दुनिया,
बदली ज़िंदगानी।bd।

जबसे हुई है,
तेरी मेहरबानी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुमने बदल दी ये दुनिया,
बदली ज़िंदगानी।bd।

Singer – Sumitra Banerjee

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com